# कयर बोर्ड में वर्ष 2023-24 के दौरान राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी प्रगति रिपोर्ट

कयर बोर्ड, भारत सरकार की राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए कई वर्षो से प्रयत्नरत है । बोर्ड राजभाषा अधिनियम 1963 और राजभाषा नियम 1976 के प्रावधानों के आधार पर अपने सभी कार्यालयों में दैनिक कार्यालयीन काम राजभाषा हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहन दे रहा है । संघ सरकार की राजभाषा नीति को और बेहतर तरीके से कार्यान्वित करने हेतु हिन्दी सलाहकार समिति द्वारा दिए गए मार्ग-दर्शन का पालन करते हुए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भरसक प्रयास किया जा रहा है ।

राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु मंत्रालय से समय समय पर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलता है । इस तरह के प्रोत्साहन और समय पर सलाह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बहुत उपयोगी हैं । मंत्रालय द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की जाती है और कमियों को दूर करने के लिए सलाह दी जाती है । कमियों को दूर करने हेतु निवारक उपाय किए जाते हैं ।सरकार की राजभाषा नीति का सुचारू रूप से कार्यान्वयन सुनिश्चित कराने और सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन की स्थिति का जायजा लेने के लिए मंत्रालय द्वारा बोर्ड के कार्यालयों में समय समय पर निरीक्षण किया जाता है । मंत्रालय द्वारा किए गए निरीक्षणों के दौरान पायी गई कमियों को दूर करने के लिए दिए गए मार्गदर्शन से कयर बोर्ड के राजभाषा कार्यान्वयन में काफी प्रगति हुई है ।

1. हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर लाजमी तौर से हिंदी में दिया जाता है । राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के तहत निर्धारित सभी दस्तावेज़ द्विभाषी रूप में जारी किए जाते हैं । हिंदी में काम करने का रूझान पैदा करने के लिए सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को टाइपिंग प्रशिक्षण दिया गया । राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 का अनुपालन करते हुए हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही दिए जाते हैं । ई-मेल से प्राप्त पत्रों पावती हिन्दी में भेजी जाती है ।

2. **<u>तिमाही में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u>**

कयर बोर्ड के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना कार्यालयीन काम हिन्दी में करने हेतु मदद देने के उद्देश्य से हर तिमाही में हिन्दी कार्यशालाएँ आयोजित की

जाती हैं । इस वर्ष कयर बोर्ड के मुख्यालय और सभी उपकार्यालयों और शोरूम तथा बिक्री डिपो के अधिकारियों और कर्मचारियों केलिए चार कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिनके दिनांक क्रमश: 30.06.2023 14.08.2023, 24.11.2023 तथा 10.01.2024 है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम, राजभाषा अधिनियम, नियम, यूनिकोड की सहायता से कंप्यूटरों में हिन्दी में कार्यालयीन काम करने, नोटिंग व ड्राफ्टिंग हिन्दी में करना संबंधित विषयों पर मुख्य रूप से सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत कराया ।

3. <u>कयर बोर्ड में हिन्दी दिवस/ हिंदी पखवाड़ा समारोह, 2023- का आयोजन</u>

- राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय से प्राप्त दिनांक 17/08/2023 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, वर्ष 2023-24 हिन्दी दिवस का आयोजन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में अत्यंत भव्य एवं गरिमामयी रूप में पुणे, महाराष्ट्र मे 14 सितंबर से 15 सितंबर 2023 तक मनाया गया । कयर बोर्ड से दो कर्मचारियों 14 से 15 सितम्बर 2023 तक महाराष्ट्र में आयोजित हिंदी दिवस एवं दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मलेन में भाग लिया । राजभाषा के संवर्धन के लिए दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर 2023 तक के दौरान कयर बोर्ड में हिंदी पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया और समारोह के दौरान, कयर बोर्ड के मुख्यालय, उप कार्यालयों और शोरूमों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 15 विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित किया था ,जिसमें उच्च अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी थी । माननीय एमएसएमई मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 07 जून 2023 को नई दिल्ली में आयोजित हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार, राजभाषा हिंदी के प्रति सकारात्मक पहल करने की दिशा में हिंदी में वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी भाषा के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्चुअल हिन्दी पखवाड़ा समारोह के दौरान बोर्ड के मुख्यालय ,उप कार्यालयों और शोरूम व बिक्री केन्द्रों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हिन्दी में 15 विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित कीं सुलेख प्रतियोगिता ,हस्ताक्षर 3 वर्गों में(क,ख & ग) , वर्ग' ग' के लिए ऋतलेख, अनुवाद प्रशासनिक शब्दावली एवं शब्दशक्ति परीक्षा ,हिन्दी में टिप्पण व आलेखन ,वाद- विवाद ,निबंध लेखन, कविता पाठ ,वार्तालाप ,समाचार वाचन ,प्रश्नोत्तरी, समूह गान, हिन्दी गीत महिलाओं और पुरुषों के लिए आदि ।

- "जी- 20 शिखर सम्मेलन में भारतीय सफलता" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- "क्या भारत में चलाए गए स्वच्छता मिशन का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला" विषय पर वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- हिंदी विद्वानों और विशिष्ट व्यक्तियों की सूक्तियों की स्टैंडी बनाकर प्रदर्शित की गईं।
- प्रतियोगिताओं में सचिव स्तर तक के अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की गईं ।
- हिंदी में मौलिक कार्य ,जैसे टिप्पणी ,मसौदे ,पत्राचार और प्रपत्र को बढ़ाने हेतु सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित किया गया ।
- प्रथम तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि के रूप में क्रमशः 1,000/- ,750/-और500 /- की राशि ई-अंतरित की गई । इसके अतिरिक्त ,प्रत्येक प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट निष्पादित प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रति 200/- रुपए की राशि अतंरित की गई ।
- हिंदी पखवाड़ा समारोह के आयोजन के लिए कुल **र. 43,600/-** की कुल राशि खर्च की गई ।

4. **<u>संयुक्त राजभाषा हिन्दी समारोह 2023-24</u>**

कयर बोर्ड ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टोलिक), कोच्चि द्वारा आयोजित संयुक्त राजभाषा समारोह 2023-24 में सक्रिय रूप से भाग लिया । कोच्ची टोलिक द्वारा आयोजित नुकड नाटक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।






नुकड नाटक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते हुए कयर बोर्ड के कर्मचारी
श्री. अर्जुन, सहायक, श्री. प्रसाद कुमार एच, सहायक, श्री. अमलैथ्यू, कनिष्ठ आशुलिपिक, श्री. अनंदन, उच्च श्रेणी लपिक



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुए श्री. प्रदीप, कनिष्ठ आशुलिपिक

## 5. हर महीने की 14 तारीख को हिन्दी दिवस के रूप में मनाना

बोर्ड में हर महीने की 14 तारीख को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है । उस दिन अधिक से अधिक कार्यालय कार्य हिन्दी में करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित किया जाता है। टिप्पण व आलेखन का कार्य भी बडे स्तर पर हिन्दी में ही किया जाता है ।










6. **<u>राजभाषा कार्यान्वयन समिति</u>**

कयर बोर्ड में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें हर तिमाही में नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं , जिनके दिनांक क्रमश: 30.06.2023, 25.09.2023, 14.12.2023 तथा 10.01.2024 है । साथ ही उप कार्यालयों में भी राजभाषा कार्यन्वयन समिति का गठन किया गया है । इन बैठकों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी कार्यकलापों की पुनरीक्षा की जाती है।

7. **<u>संविधान दिवस विशेष कार्यशाला</u>**

कयरबोर्ड के मुख्यालय और सभी उपकार्यालयों और शोरूम तथा बिक्री डिपो के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए दिनांक 24.11.2023 को "संविधान दिवस विशेष कार्यशाला" विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। संविधान दिवस विशेष कार्यशाला का उद्देश्य संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान निर्माण में लगे प्रायासों को प्रसारित करना था । इस कार्यशाला के माध्यम से भारतीय संविधान के अनुछेद 343 से लेकर अनुछेद 351 तक राजभाषी संबंधी संवैधानिक प्रावधान किए गए थे , इसमें निहित बातों पर सभी प्रतिभागियों को विस्तार से समझाया ।

8.**गृह पत्रिका का विमोचन**




माननीय संसदीय राजभाषा की तीसरी उप समिति द्वारा दिनांक 12-09-2023 को शोरूम व बिक्री केन्द्र, मुंबई में आयोजित निरीक्षण बैठत के दौरान कयर बोर्ड की वार्षिक गृह पत्रिका "कयर-स्वर्णिम रेशा" 2022-23 का विमोचन

9. **राजभाषा सम्मेलन में प्रतिभागिता**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह (दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र) बैंगलुरु में दिनांक 19 जनवरी 2024 को आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया ।

10. **<u>अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण</u>**

वर्ष 2022-23 के दौरान, 17 अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा निरीक्षण किया गया। कयर बोर्ड के शोरूम व बिक्री केन्द्रों में हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु निदेश दिया गया है ।

11 . **<u>हिंदी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम</u>**

गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के जनवरी-मई 2024 हिंदी शिक्षण योजना के तहत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कयर बोर्ड के अधिकारियों/ कर्मचारियों को नामांकित किया गया। जनवरी-मई 2024 सत्र में पारंगत पाठ्यक्रम में 20 कर्मचारियों और प्रबोध पाठ्यक्रम में 09 कर्मचारियों को नामांकित किया गया था।

12 . **<u>हिंदी सलाहकार समिति की बैठक</u>**



माननीय एमएसएमई मंत्री श्री नारायण राणे जी की अध्यक्षता में दिनांक 07.06.2023 को होटल अशोका, नई दिल्ली में आयोजित हिंदी सलाहकार समिति की बैठक ।

13 . **<u>संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण</u>**

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा दिनांक 19.04.2023 को कयर बोर्ड शोरूम व बिक्री केंद्र, कयर बोर्ड, चंडीगढ़, 19.06.2023 को शोरूम व बिक्री केंद्र, कयर बोर्ड, वाराणसी और शोरूम व बिक्री केंद्र, कयर बोर्ड, मुंबई में 12.09.2023 को राजभाषा कार्यान्वयन का निरीक्षण किया।



संसदीय रजाभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा दिनांक 19.04.2023 को कयर बोर्ड शोरूम व बिक्री केन्द्र, चंडीगढ़ में आयोजित निरीक्षण बैठक




संसदीय रजाभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा दिनांक 19.06.2023 को कयर बोर्ड शोरूम व बिक्री केद्र, वाराणसी में आयोजित निरीक्षण बैठक




संसदीय रजाभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा दिनांक 12.08.2023 को कयर बोर्ड शोरूम व बिक्री केन्द्र, मुंबई में आयोजित निरीक्षण बैठक

.....